# साइकोलॉजिस्ट सिंह ने छात्रों को किया प्रेरित

देहरादून। विश्व प्रसिद्ध सोशल साइकोलोजिस्ट प्रो . रामाधार सिंह ने यूपीईएस में छात्रों को रिसर्च के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रिसर्च के बुनियादी पहलुओं की जानकारी दी। साथ ही इसके बाद व्यक्तियों और समूहों से जुड़ी रिसर्च प्रक्रियाओ पर चर्चा हुई। प्रो . रामाधार संयुक्त राज्य अमेरिका में सोसाइटी फॉर पर्सनैलिटी एंड सोशल साइकोलॉजी ( एसपीएसपी) की यूएस हेरिटेज वॉल ऑफ फेम पर प्रदर्शित होने वाले पहले भारतीय सोशल साइकोलोजिस्ट हैं।